पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-21 सोमवार, दिनांक-26 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 18 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।
(iii) 15 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री रामधनी सिंह
(ii) श्री राजेश्वर राज
(iii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(iv) श्री गजानन्द शाही
(v) श्री रामनरेश प्रसाद यादव
(vi) श्रीमती मुन्नी देवी
(vii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(viii) श्रीमती सुजाता देवी
(ix) श्री कन्हैया कुमार
(x) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xi) श्री बिनोद प्रसाद यादव
(xii) श्री अशोक कुमार सिंह
(xiii) श्री कृष्णनन्दन यादव
(xiv) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
(xv) श्रीमती लेशी सिंह

[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार एवं अन्य सभासदों के वित्त (सांस्थिक) विभाग से संबंधित दिनांक 17.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री तौसीफ आलम एवं अन्य सभासदों के वित्त (सांस्थिक) विभाग से संबंधित दिनांक 19.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य डा० अब्दुल गफूर एवं अन्य सभासदों के शिक्षा विभाग से संबंधित दिनांक 19.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री संजय सिंह 'टाइगर' एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(v) माननीय सदस्य डा० अब्दुल गफूर एवं अन्य सभासदों के उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 27.03.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[4] **<u>वित्तीय कार्य</u>:- <u>वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u>:- <u>पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग</u> :-**

माननीय प्रभारी मंत्री श्री गिरिराज सिंह द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री उमा कांत यादव द्वारा राज्य सरकार की पशु एवं मत्स्य संसाधन नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया ।)

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार
(ii) श्री विनय कुमार सिंह
(iii) श्री रत्नेश सादा
(iv) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(v) श्री चित्तरंजन कुमार
(vi) डा० मो० जावेद
(vii) श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(viii) श्री अशोक कुमार सिंह
(ix) श्री प्रमोद कुमार

माननीय प्रभारी मंत्री पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा वाद-विवाद का सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री उमा कांत यादव का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[5] **<u>निवेदन</u> :-**

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 32 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 27 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-26.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।